31.12.2021

प्रेस प्रकाशनी

सीबीएसई छात्र 1 जनवरी, 2022 से शुरू होने वाले 100 दिवसीय पठन अभियान में भाग लेंगे

पठन एक अनिवार्य कौशल है जो बच्चे को आसपास की दुनिया के प्रति बेहतर समझ विकसित करने के लिए तैयार करता है, और उनकी सामाजिक-भावनात्मक क्षमताओं, संज्ञानात्मक और संचार कौशल को विकसित करता है। जीवन की शुरुआती आयुवर्षों में जब मन-मष्तिष्क सबसे अधिक सृजनशील होता है, उस समय पठन के प्रति रुचि/ रुझान पैदा करना वह कुंजी है जो आजीवन विकास के द्वार को खोलती है।

पठन और पाठन-बोधन और इसे संवर्धित करने पर सीबीएसई द्वारा बहुत बल दिया गया है जैसा कि हमारी नई शिक्षा नीति 2020 में भी प्रमुखता से दिया गया है। बोर्ड ने सितंबर 2021 में स्कूलों में पठन की एक मजबूत संस्कृति के निर्माण पर केंद्रित एक पठन कार्यक्रम **सीबीएसई रीडिंग मिशन** शुरू किया है। इस दिशा में बोर्ड द्वारा एक अन्य पहल केस-आधारित प्रश्नों के आधार पर छात्रों के बीच विवेचनात्मक चिंतन कौशल का आकलन करने के लिए शुरू की गई **सीबीएसई रीडिंग चैलेंज** श्रृंखला है।

सीबीएसई पठन मिशन को आगे बढ़ाते हुए, बोर्ड अब अपने स्कूलों को **100 दिवसीय पठन अभियान** में भाग लेने के लिए आमंत्रित कर रहा है, जिसका शुभारंभ हमारे माननीय शिक्षा मंत्री द्वारा 1 जनवरी 2022 को किया जाएगा। यह अभियान बालवाटिका से आठवीं कक्षा तक पढ़ने वाले छात्रों पर केंद्रित है। इस अभियान के लिए विस्तृत दिशानिर्देश सावधानीपूर्वक तैयार किया गया है ताकि बच्चे अपने शिक्षकों, माता-पिता, साथियों, भाई-बहनों या अन्य परिचितों की मदद से इस अभियान में भाग ले सकें।